आदिवासी जनसमुदाय के सामाजिक व आर्थिक उत्थान हेतु नर्मदा निधि कुक्कुट का वितरण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परियोजना जनजातीय उप योजना के तहत मंडला जिले के ग्राम घुघरी के आदिवासी पशुपालकों को दिनांक 24.01.2018, बुधवार को कृषक भ्रमण व नर्मदा निधि कुक्कुट का निःशुल्क वितरण माननीय अधिष्ठाता डॉ. आ.पी.एस. बघेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आर.पी.एस. बघेल ने पशुपालकों को पशु प्रोटीन का महत्व एवं कुक्कुट पालन द्वारा आय के साधनों पर प्रकाश डाला एवं संचालक पशुधन प्रक्षेत्र डॉ. जे.के. भारद्वाज द्वारा नर्मदा निधि दिकाजी रंगीन मुर्गी के गुणों पर किसानों को जानकारी दी गई। इसके साथ ही संगोष्ठी पश्चात् भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली द्वारा पोषित परियोजना 'सतत् पशु धन विकास द्वारा आदिवासी जन समुदाय का सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान' के तहत माननीय अधिष्ठाता महोदय डॉ. आ.पी.एस. बघेल के द्वारा 20 हितग्रहियों को (आदिवासी परिवार) 10 मुर्गियां व 2 मुर्गे (कुल 240) निःशुल्क वितरण किए गए।

कार्यक्रम का आयोजन व संचालन ग्राम घुधरी, जिला मंडला, के आदिवासी समुदाय के आदिवासी जनसमुदाय के लिये परियोजना अन्वेषक डॉ. रूचि सिंह एवं डॉ. ए.के.गौर के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. एस.के. नायक, डॉ. आर.पी. नेमा, ने अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. के.पी. सेनी, विजय चौकसे, आशीष यादव व देवी सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

डॉ. ओ. पी. श्रीवास्तव
जन सम्पर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर